भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
26.07.2023 के
तारांकित प्रश्न सं. 85 का उत्तर

वंदे भारत रेलगाड़ियों का परिचालन

*85. श्री ए. गणेशमूर्ति:
श्री ए. राजा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय रेलवे ने हाल ही में कुछ और मार्गों पर वंदे भारत रेलगाड़ियों का परिचालन शुरू किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) आगामी दो वर्षों में कितनी वंदे भारत रेलगाड़ियां चलाए जाने का प्रस्ताव है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) देश के दक्षिणी भाग में, जहां वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधियों के कारण मांग अधिक है, और अधिक वंदे भारत रेलगाड़ियां शुरू न किए जाने के क्या कारण हैं;
(ड.) क्या सरकार द्वारा निकट भविष्य में दक्षिणी क्षेत्र, विशेषकर तमिलनाडु में ऐसी और रेलगाड़ियों पर विचार किए जाने की संभावना है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

वंदे भारत रेलगाड़ियों के परिचालन के संबंध में दिनांक 26.07.2023 को लोक सभा में श्री ए. गणेशमूर्ति और श्री ए. राजा के तारांकित प्रश्न संख्या 85 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (च): यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से, भारतीय रेल उन्नत संरक्षा विशेषताओं और बेहतर सुविधाओं वाले आधुनिक सवारी डिब्बों वाली वंदे भारत गाड़ियां शुरू कर रही है। वर्तमान में, भारतीय रेल नेटवर्क पर 50 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं परिचालित की जा रही हैं, जो 23 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित स्टेशनों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। इन 50 वंदे भारत सेवाओं में से, 12 वंदे भारत सेवाएं देश के दक्षिणी भागों में सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जिनमें 04 वंदे भारत सेवाएं तमिलनाडु राज्य में स्थित स्टेशनों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल में वंदे भारत सेवाओं सहित गाड़ियों की शुरुआत करना परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य आदि के अध्यधीन एक सतत प्रक्रिया है।

******